**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–08 अगस्त 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश की कैबिनेट बैठक में उन्नीस महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृत्ति देगी राज्य सरकार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल जिले में छह सौ उन्सठ करोड़ रुपए की दो सौ बाईस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा–संभल के तीर्थस्थलों को दिया जाएगा नया जीवन।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों सहित कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। कई नदियां उफान पर। बीस से अधिक जिले बाढ़ से प्रभावित।
- एनसीईआरटी ने उर्दू की कक्षा सात, आठ और अंग्रेजी की कक्षा आठ के पाठ्यक्रम में शामिल किए नए अध्याय।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उन्नीस महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राज्य में तीन निजी विश्वविद्यालयों के संचालन के प्रस्ताव को कैबिनेट में पास किया गया। इसके अलावा मेधावी छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना को भी मंजूरी दी गई।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी शिवनिंग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना इसके संचालन का प्रस्ताव पारित हुआ है। शिवनिंग ब्रिटिश काउंसिल की एक प्रशासनिक इकाई है। इसके और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच में ये करार हुआ है। इस योजना से आर्थिक रूप से जो कमजोर छात्र लेकिन प्रतिभावान है उनको विदेशों में मास्टर डिग्री के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना के अंतर्गत पाँच प्रतिभावान छात्रों को यूके के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के लिए एक विषय में एक वर्ष का धन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।**

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि एमएसएमई विभाग की उत्तर प्रदेश फुटवियर लेदर और नॉन लेदर विकास नीति 2025 तथा उत्तर प्रदेश लघु सूक्ष्म एवं मध्यम औद्योगिक संस्थान प्रबंधन नीति को भी कैबिनेट ने पारित कर दिया।

**उत्तर प्रदेश फुटवियर लेदर नॉन लेदर क्षेत्र में जो विकास की नीति है इसको भी पास किया गया है। हमारे यहां कोई पॉलिसी न होने से इन लोगों को दिक्कत हो रही थी। हम लोग इसमें पिछड़ रहे थे तो इसमें इस नीति के माध्यम से जो वैश्विक बाजार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में जो फिट वियर और नॉन लेदर के उत्पाद में निर्यात को बढ़ावा देना। इस नीति के माध्यम से नए निवेश को आकर्षित करना।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संभल में छह सौ उन्सठ करोड़ रुपए की दो सौ बाईस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक जिला है जहां विभिन्न तीर्थ और परिक्रमा मार्ग थे। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे उन्होंने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिरों का पुनरोद्धार किया, वैसे ही संभल के तीर्थों को भी नया जीवन दिया जाएगा।

**अब हमारी सरकार ने तय किया है। अड़सठ के अड़सठ तीर्थों को उन्नीस के उन्नीस कूपों को परिक्रमा मार्ग के पुनरुद्धार का कार्य अब ये डबल इंजन की सरकार उठाएगी। ये हमारा दायित्व भी है नैतिक कर्तव्य भी है क्योंकि विकास तभी सार्थक होता है जब वो विरासत के साथ जुड़ती है। ये विरासत का संरक्षण भी है। और आने वाले वर्तमान और भविष्य के सुनहरे सपने को उड़ान देने के लिए उन्हें विकास की प्रक्रिया से जोड़ने का एक अभियान भी है।**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा के आह्वान का समर्थन करते हुए सभी से तिरंगा फहराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही संभल संवाद ऐप का भी उद्घाटन किया।

**********

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना कल जारी कर दी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इक्कीस अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं और मतदान नौ सितंबर को होगा।

इस बीच, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा को गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन के लिए अधिकृत किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी।

**एनडीए पार्लियामेंट्री पार्टी का फ्लोर लीडर्स के बैठक में प्रस्तावना पास किया है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव के लिए प्रोसेस को आगे बढाने के लिए और कैंडिडेट का नाम तय करने के लिए पूरा अधिकार प्रधानमंत्री मोदी जी और साथ में राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा जी को सौंपा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जो भी निर्णय होगा वह सब सर्वसम्मति से एनडीए पार्टी समर्थन करेंगे।**

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में घने बादल छाये हुए हैं और रूक रूक कर वर्षा का क्रम एक बार फिर शुरू हो गया है। प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कई स्थानों पर जल जमाव के चलते जनजीवन प्रभावित भी हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी तीन–चार दिन तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रूक रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है।

उधर, लगातार हो रही वर्षा और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के बीस से अधिक जिलों में नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। इन जिलों में बाढ की स्थिति बनी हुई है। वाराणसी, बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में गंगा, नैनी में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा तथा श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। नेपाल से पानी छोड़े जाने और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से तीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर प्रतिघंटे एक सेंटीमीटर बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट घोषित करते हुए प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है।

बाढ़ के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी करने के साथ ही प्रभारी मंत्रियों को अपने–अपने क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों पर नजर बनाये रखने का निर्देश दिया है।

**********

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी ने उर्दू की कक्षा सात, आठ और अंग्रेजी की कक्षा आठ के लिए आगामी शैक्षणिक वर्ष के पाठ्यक्रम में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा के जीवन और बलिदान पर आधारित अध्याय को शामिल किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि शामिल किए गए नए अध्याय का उद्देश्य साहस और कर्तव्य की प्रेरक गाथाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराना है।

**********

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मथुरा में विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना के देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बैठककर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जन्माष्टमी को भव्य रूप से मनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सड़कों की मरम्मत, मार्गों का सौंदर्यीकरण और शहर की सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**पूरे मथुरा को पूरे वृंदावन को और पूरे हमारे मथुरा जनपद को किस तरीके से साफ सफाई का मानक स्थापित किया जाए, कैसे उनको सजाया जाए जो लाखों लाख श्रद्धालु आते हैं उनको यहाँ किसी प्रकार की असुविधा न हो और यहाँ की छटा क्योंकि भगवान जी का जन्मदिन हम लोग मनाते है वो एक बहुत ही दिव्य और भव्य तरीके से मनाई जाये।**

**********

प्रदेश में एक अगस्त से सात अगस्त तक मनाया जा रहा स्तनपान सप्ताह कल समाप्त हो गया। इस दौरान पूरे सप्ताह अलग अलग जिलों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियों के आयोजन किए गए। इसी क्रम में शाहजहांपुर जिले के वन स्टॉप सेंटर में कल स्तनपान विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**********